राज्य वशिष्टि योजना

चर्चा में क्यों?

हाल ही में, हरियाणा ने पराली दहन की समस्या से नपिटने के लयि **राज्य वशिष्टि योजना** शुरू की है, जसिका उद्देश्य फसल कटाई के मौसम के दौरान वायु गुणवत्ता को बनाए रखना है।

प्रमुख बदि

- **राज्य वशिष्टि योजना:**
  - हरियाणा की **राज्य वशिष्टि योजना** कसिानों के लयि प्रोत्साहन और संसाधनों के माध्यम से पराली दहन में कमी लाने पर केंद्रति है, तथा मुख्य रूप से उन क्षेत्रों को लक्षति कयिा गया है जहाँ धान की कटाई के बाद पराली अवशेष के रूप में बचती है।
- **सब्सडिी और संसाधन:**
  - सरकार पर्यावरण अनुकूल नपिटान वधियिों को बढ़ावा देने के लयि फसल अवशेष प्रबंधन के लयि हैप्पी सीडर्स और सुपर SMS ससि्टम जैसे उपकरणों पर सब्सडिी प्रदान करती है।
- **दंड और पुरस्कार:**
  - पराली दहन के नयिमों का उल्लंघन करने पर कठोर जुर्माना लगाया जाता है, साथ ही नयिमों का पालन करने वाले कसिानों को प्रोत्साहन भी दयिा जाता है, जसिका उद्देश्य दंडात्मक और सहायक उपायों के बीच संतुलन स्थापति करना है।
- **पर्यावरणीय लक्ष्य:**
  - यह पहल सतत् कृषपिद्धतयिों को बढ़ावा देने, वायु प्रदूषण को कम करने और श्वसन संबंधी स्वास्थ्य ज़ोखमिों को कम करने के माध्यम से राष्ट्रीय पर्यावरणीय लक्ष्यों के अनुरूप है।

पराली दहन के वकिल्प

- **पूसा डीकंपोजर:** ये डीकंपोजर कवकों के उपभेदों को नकिालकर बनाए गए कैप्सूल के रूप में होते हैं जो धान की पराली को बहुत तेज़ी से वघिटति करने में मदद करते हैं।
- **हैप्पी सीडर:** यह ट्रैक्टर पर लगाया जाने वाला उपकरण है जो पराली दहन का पर्यावरण अनुकूल वकिल्प प्रदान करता है।
  - यह चावल के भूसे को काटकर और उठाकर, साथ ही साथ खुली मृदा में गेहूँ की बुवाई करके, तथा भूसे को बोए गए क्षेत्र पर सुरक्षात्मक मल्च के रूप में जमा करके काम करता है।
- **पैलेटाइजेशन:** धान की पराली को जब सुखाकर पैलेट में परविर्तति कर दयिा जाता है, तो यह एक व्यवहार्य वैकल्पकि ईंधन स्रोत बन जाता है।
  - कोयले के साथ मश्रिति करने पर इन पैलेट का उपयोग ताप वद्युित संयंत्रों और उद्योगों में कयिा जा सकता है, जसिसे कोयले के उपयोग में बचत होगी और कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rajya-vishisht-yojana